प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 21.01.2026 समय : 01:00 पी.एम.

....

लखनऊ में आयोजित 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन का आज समापन हो रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने समापन सत्र को संबोधित करते हुए विधायी संस्थाओं की कार्यप्रणाली में गुणवत्ता के मानक स्थापित करने पर जोर दिया। लोकसभा अध्यक्ष ने उत्कृष्टता, नवाचार और प्रौद्योगिकी के उपयोग सहित अन्य मानकों पर राज्य विधायिकाओं के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को जरूरी बताया। उन्होंने विधायी कार्यो में तकनीक के कुशल उपयोग पर बल दिया और सम्मेलन में लिये गये संकल्पों की भी जानकारी दी।

....

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में अब से कुछ ही देर पहले केबिनेट की बैठक शुरू हुई। इसके बाद मंत्री परिषद की बैठक भी बुलाई गई है। ऐसा माना जा रहा है कि बैठक में आगामी बजट सत्र के लिए कामकाज तय होगा। इसके साथ ही कई नीतिगत फैसलों और विधायी कार्यो को मंजूरी मिलने के आसार है। बैठक में बजट सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण के प्रारूप, विभिन्न महत्वपूर्ण विधेयकों और अध्यादेशों पर चर्चा कर उन्हें सदन में पेश करने की मंजूरी दिये जाने की भी संभावना है। गौरतलब है कि राज्य विधानसभा का बजट सत्र 28 जनवरी से शुरू हो रहा है। सत्र के पहले दिन राज्यपाल हरिभाऊ बागडे का अभिभाषण होगा। वहीं 27 जनवरी को सर्वदलीय बैठक बुलाई गई है।

....

भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची–विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर प्रक्रिया वाले राज्यों में 22 और रोल ऑब्ज़र्वर तैनात किए हैं। ये विशेष पर्यवेक्षक सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी पात्र मतदाता वोटर लिस्ट में शामिल होने से वंचित नहीं रहे। वहीं किसी भी अपात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल नहीं हो सके।

....

भरतपुर में आज से राजसखी मेले का आयोजन किया जा रहा है। 28 जनवरी तक विश्वप्रिय शास्त्री पार्क में चलने वाला ये मेला जिला प्रशासन और राजीविका की ओर से लगाया जा रहा है। राजीविका जिला प्रबंधक भारती भारद्वाज ने बताया कि इसमें स्वयं सहायता समूहों की ओर से बनाये हस्तशिल्प, वस्त्र और अन्य उत्पादों की प्रदर्शनी तथा बिक्री की जायेगी। उधर बारां में महिला उद्यमशीलता को बढावा देने के लिए आज से अमृत महोत्सव शुरू होगा। महिला और बाल विकास राज्यमंत्री मंजूबाघमार महोत्सव का शुभारम्भ करेगी। ये महोत्सव 10 अप्रैल तक चलेगा। इसके जरिये महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जायेगा। उधर वस्त्र नगरी भीलवाडा में आज से **हुनर का मेला** सजाया गया है। ये टेक्सटाइल और हैंडीक्राफ्ट मेला ग्रामीण हाट में 26 जनवरी तक आयोजित होगा।

....

प्रदेश में कल मावठ के लिए अलर्ट है। मौसम विभाग के अनुसार एक नये पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से 6 जिलों में आंधी बारिश की संभावना है। बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग में इसका सबसे ज्यादा असर रह सकता है। वहीं 23 जनवरी को शेखावाटी अंचल सहित दस जिलों के लिए भी आंधी बारिश का येलो अलर्ट बताया गया है। कुछ स्थानों पर ओले गिरने की भी संभावना है। इस बीच प्रदेश में आज शेखावाटी अंचल और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से सटे इलाकों में घना कोहरा छाया रहा। सीकर के फतेहपुर क्षेत्र में कोहरे के कारण हरसावा गांव के पास सड़क हादसा हो गया। बस और ट्रक की टक्कर में दस लोग घायल हो गए। इन्हें सीकर के ट्रोमा सेंटर में भर्ती कराया गया।

....

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने क्रांतिकारी हेमू कालाणी के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित की है। श्री देवनानी ने हेमू कालाणी को राष्ट्रभक्ति और त्याग की अनुपम मिसाल बताया। उन्होंने बहुत ही कम उम्र में मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का योगदान दिया था। विधानसभा अध्यक्ष ने युवाओं से हेमू कालाणी के आदर्शो को अपनाकर राष्ट्रनिर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया है।

....